## गुस्ताखी माफ



नारी नहीं सशक्त है, कौन कह रहा यार।
पंगा लेकर देखिए, देगी भूत उतार।
देगी भूत उतार, पकड़ ऐसा झाड़ेगी।
जहां खड़े हो वहीं, खोद धरती गाड़ेगी।
कह साहिल कविराय, उसी ने दी सरदारी।
नारी जीवन-स्रोत, मातृ शक्ति है नारी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल


RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 90 | SATURDAY 11-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com








Uturn Time 11 Apr 2026_Layout 2 10-04-2026 23:53 Page 2



# चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी घोटाला: IFS अधिकारी के परिवार तक पहुंची जांच, पत्नी के खाते में लाखों की एंट्री से हड़कंप

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। सेक्टर-32 स्थित क्यू फर्स्ट बैंक से जुड़े बहुचर्चित स्मार्ट सिटी और क्रेस्ट फंड घोटाले में जांच अब बड़े स्तर पर पहुंच गई है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) को ऐसे अहम सुराग मिले हैं, जिनसे एक वरिष्ठ IFS अधिकारी के परिवार की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। सूत्रों के अनुसार, संबंधित अधिकारी की पत्नी के बैंक खाते में करीब 75 लाख से 1 करोड़ रुपये तक के ट्रांजैक्शन सामने आए हैं। प्राथमिक जांच में यह भी पता चला है कि इसी रकम से गोवा में संपत्ति खरीदी गई। फिलहाल SIT इन लेन-देन के स्रोत, कनेक्शन और संभावित मनी ट्रेल की गहन जांच कर रही है।

यह पूरा मामला नगर निगम और चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े फंड में भारी अनियमितताओं से जुड़ा है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, नगर निगम के करीब 116 करोड़ रुपये और क्रेस्ट के लगभग 83 करोड़ रुपये के फंड में गड़बड़ी के संकेत मिले हैं। अब तक इस मामले में 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि कई अन्य से पूछताछ जारी है। जांच में खुलासा हुआ है कि सरकारी फंड को सुनियोजित तरीके से शेल कंपनियों में ट्रांसफर किया गया और बाद में उसे रियल एस्टेट में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने की कोशिश की गई। हैरानी की बात यह है कि कई शेल कंपनियां ड्राइवरों, पत्नियों और करीबी सहयोगियों के नाम पर रजिस्टर कराई गई थीं, ताकि असली लाभार्थियों की पहचान छिपाई जा सके।




इसी कड़ी में 'कैपको इन्फोटेक' कंपनी भूपिंदर सिंह और सपना के नाम पर दर्ज पाई गई, जो बैंक ब्रांच मैनेजर के ड्राइवर हेमराज की पत्नी बताई जा रही है। वहीं ह्यआरएस ट्रेडर्सह्न का मालिक भी कागजों में हेमराज को ही दिखाया गया। ह्यस्वास्तिक देश प्रोजेक्टह्न कंपनी स्वाति सिंगला और उसके भाई के नाम पर बनाई गई, जिनका संबंध बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर अभय कुमार से बताया जा रहा है।

## अब तक गिरफ्तार प्रमुख आरोपी

नलिनी मलिक (पूर्व CFO), सुखविंदर सिंह अबरोल (पूर्व प्रोजेक्ट डायरेक्टर, क्रेस्ट), साहिल कुक्कड़ (हेड ऑफ अकाउंट्स), रिभव ऋषि (पूर्व बैंक मैनेजर), अभय कुमार (रिलेशनशिप मैनेजर), सीमा धीमान (बैंक आथराइजर), विक्रम वधवा (रियल एस्टेट कारोबारी), स्वाति सिंगला, अभिषेक सिंगला और अंकुर शर्मा (शेल कंपनी ऑपरेटर)।

## घोटाले का तरीका

जांच में सामने आया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट खत्म होने के बाद उसकी ग्रांट और एफडी नगर निगम को ट्रांसफर होनी थी। इसी दौरान IDFC First Bank में जमा फिक्स्ड डिपॉजिट की फर्जी रसीदें तैयार कर ली गईं। आरोपितों ने एफडी की रकम निकालकर शेल कंपनियों में ट्रांसफर की और बाद में उसे प्रॉपर्टी में निवेश कर दिया।

मामला सामने आने के बाद पुलिस ने SIT गठित कर जांच शुरू की। अधिकारियों का कहना है कि यह घोटाला और भी बड़े नेटवर्क की ओर इशारा करता है, जिसमें कई प्रभावशाली नाम सामने आ सकते हैं। जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासों की संभावना जताई जा रही है।






# गीता-प्रेरित नीडोनॉमिक्स से कुरुक्षेत्र विश्व के पहले 'नैतिक आचरण विश्वविद्यालय' के रूप में उभर रहा है – प्रो. एम.एम. गोयल




परमिंदर सिंह / यू टर्न कुरुक्षेत्र / 10 अप्रैल / नीडोनॉमिक्स विचारधारा के प्रवर्तक, पूर्व कुलपति एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. मदन मोहन गोयल ने 'कुरुक्षेत्र से चेतना तक: नैतिक आचरण के लिए नीडोनॉमिक्स का ढांचा' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। यह व्याख्यान 'कुरुक्षेत्र: युगों के माध्यम से— इतिहास, स्मृति और पवित्र परिदृश्यों का अन्वेषण' शीर्षक से आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर दिया गया। इस सम्मेलन का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता अध्ययन केंद्र के सहयोग से किया गया। सम्मेलन के निदेशक प्रो. भगत सिंह ने प्रो. गोयल का स्वागत करते हुए उनका परिचय कराया। प्रो. गोयल ने कहा कि कुरुक्षेत्र को वैश्विक स्तर पर विश्व के प्रथम विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए, जहाँ भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से नैतिक आचरण और जागरूक जीवन का ज्ञान प्रदान किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अत्यधिक सार्वजनिक व्यय के माध्यम से कुरुक्षेत्र को केवल युद्ध कथा तक सीमित करना उचित नहीं है, बल्कि इसे नैतिक शिक्षा और चेतना के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। प्रो. गोयल ने कुरुक्षेत्र को इतिहास, अध्यात्म और नैतिकता के संगम के रूप में प्रस्तुत करते हुए नीडोनॉमिक्स के माध्यम से इसे मानव आचरण के लिए एक मानक मार्गदर्शक के रूप में पुनर्परिभाषित किया।उन्होंने तर्क दिया कि गीता-प्रेरित नीडोनॉमिक्स लालच-प्रधान मॉडलसे हटकरनैतिकआवश्यकता-आधारित और सतत विकास का मार्ग प्रदान करती है, जिसका व्यापक महत्व नीति-निर्माण, शिक्षा, शासन और व्यक्तिगत आचरण में वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए है। प्रो. गोयल ने कहा कि 'धर्मक्षेत्र' के रूप में कुरुक्षेत्र का अर्थ उसकी अंतर्निहित धार्मिकता और नैतिकता को दर्शाता है, जो इसे केवल एक युद्धभूमि नहीं, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक महत्व से युक्त क्षेत्र बनाता है। प्रो. गोयल ने महाभारत (वनपर्व) के एक श्लोक— 'कुरुक्षेत्रं गमिष्यामि, कुरुक्षेत्रे वसाम्यहम्; य एवं सततं ब्रूयात्सर्वपापैः प्रमुच्यते'— का उल्लेख करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र केवल एक स्थान नहीं, बल्कि धर्मनिष्ठ संकल्प की अवस्था का प्रतीक है।

# यूएस-ईरान बातचीत से पहले सनसेक्स 918 अंक ऊपर, निफ्टी 50 24के के पार बंद

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के चलते बाजार में बढ़त देखने को मिली, हालांकि यूएस और ईरान के बीच दो हफ़्ते की कमजोर युद्धविराम संधि को लेकर चिंताएं बनी रहीं। निवेशक इस सप्ताहांत इस्लामाबाद में होने वाली यूएस-ईरान बातचीत पर पैनी नजर रखेंगे। बेंचमार्क बीएसई सनसेक्स 918.60 अंकों या 1.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,550.25 पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 50 275 अंकों या 1.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,050 पर बंद हुआ। साप्ताहिक चार्ट पर, निफ्टी में 5.89 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। यह 27 जनवरी से 1 फरवरी 2021 के बाद से निफ्टी का सबसे अच्छा साप्ताहिक बंद रहा। एसबीआई सिक्योरिटीज में टेक्निकल और Derivatives Research के प्रमुख सुदीप शाह ने कहा कि इस बढ़त के साथ, इंडेक्स ने पिछले तीन हफ़्तों के नुकसान की पूरी भरपाई कर ली है। यह दर्शाता है कि खरीदार धीरे-धीरे बाजार पर फिर से नियंत्रण हासिल कर रहे हैं और बाजार की अंतर्निहित प्रवृत्ति को मजबूत कर रहे हैं।




## आज सोने का भाव

डॉलर के मजबूत होने के कारण सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। हालांकि, यह धातु लगातार तीसरे हफ़्ते बढ़त के साथ बंद होने की राह पर बनी रही, क्योंकि यूएस-ईरान युद्धविराम को लेकर नए सिरे से जगी उम्मीदों ने महंगाई के डर और यूएस में ब्याज दरें बढ़ने की आशंकाओं को कमजोर किया है। हाज़िर सोने (Spot gold) की कीमत 0.2 प्रतिशत गिरकर 4,755.84 डॉलर प्रति औंस हो गई। जून डिलीवरी के लिए यूएस गोल्ड फ्यूचर्स 0.8 प्रतिशत गिरकर 4,779.20 डॉलर पर आ गए। स्पॉट सिल्वर की कीमत 0.1 प्रतिशत बढ़कर 75.11 डॉलर प्रति औंस हो गई।

## तेजी देखने को मिली

व्यापक बाजारों ने बेहतर प्रदर्शन किया, क्योंकि निफ्टी Smallcap 100 और निफ्टी Midcap 100 इंडेक्स में 1.5 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली। विभिन्न क्षेत्रों की बात करें तो निफ्टी Metals, निफ्टी Auto, निफ्टी Private Ban के, निफ्टी Media, निफ्टी PSU बैंक, निफ्टी Realty और निफ्टी Oil & Gas में 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़त देखने को मिली, जबकि निफ्टी IT एकमात्र ऐसा क्षेत्र रहा जो गिरावट के साथ बंद हुआ। मध्य-पूर्व में, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कहा कि ईरान यूएस और इजराइल को उनके कथित 'आक्रमण' के परिणामों से बचने नहीं देगा। इस बीच, यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस बात पर सवाल उठाते नजर आ रहे हैं कि ईरान युद्ध को रोकने वाला यह युद्धविराम वास्तव में कितना प्रभावी है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक लार्ड रामा हॉल (दाना मंडी) में भागवत कथा करवाई जाएगी: राजन गर्ग

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/10 अप्रैल। श्री सनातन धर्म महावीर दल रजि. द्वारा बठिंडा शहर में श्री मद भागवत कथा करवाई जा रही है। महावीर दल पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष राजन गर्ग ने प्रवचन के प्रबंधों व सौंपी गई ड्यूटी संबंधी सदस्यों के साथ मीटिंग के बाद प्रेस बयान जारी कर बताया कि यह प्रवचन 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक सात दिवसीय लार्ड रामा हॉल दाना मंडी में करवाया जा रहा है जिसमें प्रसिद्ध पंडित विजय गोर प्रवचन देने पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि प्रवचन रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक करवाया जाएगा जिसमें उत्साही प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है।

VOL: 11 | ISSUE 90 | SATURDAY 11-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# फॉर्चून पैनोरा 2026 बना रियल एस्टेट सेक्टर के लिए बूस्टर डोज, 3000 से पार गया विजिटरों को आंकड़ा




लुधियाना/यूटर्न/10 अप्रैल। लुधियाना ऑर्गेनाइज्ड रियल एस्टेट सेक्टर में सबसे बड़ा शो बनकर उभरे फॉर्चून पैनोरा 2026 का शुक्रवार को निरवाना क्लब में शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय इस फेस्ट की ओपनिंग मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे आरती स्टील ग्रुप के चेयरमैन महेश मित्तल द्वारा की गई। शुक्रवार को पहले दिन ही फेस्ट में जनता का भारी उत्साह देखने को मिला। जिसे देखकर यह साबित हो गया कि पनोरा 2026 रियल एस्टेट सेक्टर के लिए एक नया मंच बन चुका है। फेस्ट के दौरान करीब तीन हजार विजिटर पहुंचे।

● शेष खबर पेज 11 पर

# वृंदावन में दर्दनाक हादसा: यमुना नदी में नाव पलटने से जगराओं के दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु डूबे

चरणजीत सिंह चन्न

जगराओं/वृंदावन/यूटर्न/10 अप्रैल। पंजाब के जगराओं से श्री वृंदावन धाम के दर्शन के लिए गए श्रद्धालुओं के एक जत्थे के साथ शुक्रवार दोपहर एक बेहद दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। यहाँ पवित्र यमुना नदी के केशीघाट के पास एक मोटर बोट (नाव) के अचानक पलट जाने के कारण दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु पानी में डूब गए। प्रशासन द्वारा घटनास्थल पर युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाए जा रहे हैं। कुछ श्रद्धालुओं के शव बरामद होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है, जबकि लापता लोगों की तलाश लगातार जारी है। हादसे के समय नाव में जगराओं के मोहल्ला गीता कॉलोनी (गली नंबर 2) के एक ही परिवार के सदस्य और उनके रिश्तेदार सवार थे। मोहल्ला निवासियों ने बताया कि परिवार के मुखिया विजय बहल, उनकी पत्नी कविता बहल, बेटे मधुर बहल और लवी बहल इस यात्रा पर गए हुए थे।



### जगराओं में छाया मातम

इस दर्दनाक घटना की खबर जैसे ही जगराओं पहुँची, तो पूरे इलाके में डर और शोक का माहौल बन गया। पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे अपने करीबियों की कुशलता के बारे में जानकारी लेने के लिए बेताब हैं। घटनास्थल पर भी हाहाकार मचा हुआ है और स्थानीय लोग भी बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद कर रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पल-पल की अपडेट ली जा रही है।

### ऐसे हुआ हादसा

जानकारी मुताबिक जगराओं के श्री बांके बिहारी क्लब से संबंधित यह जत्था गुरुवार रात दो बसों के जरिए चार दिवसीय धार्मिक यात्रा पर रवाना हुआ। जत्थे का नेतृत्व भजन गायक लवली वहिल और यशु बजाज कर रहे थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह वृंदावन पहुँचने के बाद, श्रद्धालुओं ने सबसे पहले श्री बांके बिहारी मंदिर में माथा टेका। दोपहर करीब ढ़ाई बजे ये श्रद्धालु यमुना नदी के पार स्थित अन्य पवित्र मंदिरों के दर्शन के लिए केशीघाट से नाव में सवार हुए थे। नदी में कुछ दूरी पर जाकर नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। जिसके कारण दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु नदी के गहरे पानी में जा गिरे।

### युद्ध स्तर पर राहत कार्य जारी

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुँच गए। करीब 100 विशेषज्ञ गोताखोरों की टीम को बचाव अभियान में उतारा गया है। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, गोताखोरों ने मुस्तैदी दिखाते हुए 10 से 12 श्रद्धालुओं को पानी से बाहर निकाल लिया है, लेकिन उनमें से ज्यादातर बेहोशी की हालत में हैं और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। अभी भी कई श्रद्धालुओं के लापता होने की आशंका जताई जा रही है, जिन्हें खोजने के लिए गोताखोर नदी का चप्पा-चप्पा छान रहे हैं।

### पूर्व विधायक ने परिवार संग किया दुख व्यक्त

हल्का जगराओं के पूर्व विधायक एस.आर. क्लेर ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि उनकी वृंदावन के विधायक, डीसी और एडीसी के साथ फोन पर बातचीत हुई है और हर संभव मदद की अपील की गई है। पूर्व विधायक के अनुसार, बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। सूत्रों के अनुसार हादसे का शिकार होने वाले ज्यादातर लोग जगराओं के ही हैं।

# पंजाब से जुड़ी मांगों का पत्र राष्ट्रपति और केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम DC लुधियाना को सौंपा गया

## बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के लिए सरकार 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजे का ऐलान करे- जत्थे: निमाणा

सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/10 अप्रैल। आज किसानों और मजदूरों की जायज मांगों को लेकर आजाद किसान मोर्चा पंजाब के सीनियर नेता और अन्नदाता किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा के नेतृत्व में डीसी ऑफिस लुधियाना पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। पिछले कई दिनों से राज्य में हो रही बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण करीब डेढ़ लाख एकड़ गेहूं और सब्जी की फसलों को बुरा नुकसान हुआ है। इस संबंध में राज्य सरकार को तुरंत प्रभावित गेहूं और सब्जी की फसलों की गिरदावरी करवाकर प्रभावित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजे के तौर पर देने का ऐलान करना चाहिए। ये शब्द आजाद किसान मोर्चा पंजाब के सीनियर नेता और अन्नदाता किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा ने कहे। बाद में, आजाद किसान मोर्चा पंजाब के सीनियर लीडर जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा की लीडरशिप में प्रेसिडेंट द्रोपती मुर्मू और सेंट्रल एग्रीकल्चर एंड फार्मर्स वेलफेयर मिनिस्टर शिवराज सिंह चौहान के नाम पर डीसी लुधियाना को एक मेमोरेंडम दिया गया।




### किसानों की सरकार से मुख मांगे

01. पंजाब में पोस्ता की खेती शुरू की जाए ताकि खेती को फायदे का सौदा बनाया जा सके और किसानों को कर्ज से बचाया जा सके।
02. इसके ऑप्शन के तौर पर पंजाब में पोस्ता-अफीम की दुकानें खोलने की परमिशन दी जाए ताकि युवाओं को सफेद अफीम की लत से बचाया जा सके।
03. बाढ़ पीड़ितों की बकाया रकम तुरंत दी जाए और कुदरती आफतों के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से स्पेशल पैकेज दिया जाए।
04. किसानों को नई कैश क्रॉप्स की तरफ मोटिवेट करने के लिए ऑप्शन दिए जाएं और फसलों और सब्जियों का 100% इंश्योरेंस दिया जाए।
05. खेती से घटती इनकम को ध्यान में रखते हुए ट्रांसपेरेंट और किसान-फ्रेंडली पॉलिसी बनाई जाएं। 6. जिन कैदियों की सजा पूरी हो गई है, उन्हें रिहा किया जाए और धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी रोकने के लिए सख्त कानून बनाए जाएं।
07. किसानों और मजदूरों के सभी लोन माफ किए जाएं और सरकारी और प्राइवेट बैंकों को सेटलमेंट स्कीम चलाने का आदेश दिया जाए।
08. सतलुज नदी में प्रदूषण रोका जाए। बुड्ढा नाले से छोड़े जा रहे गंदे पानी पर तुरंत कार्रवाई की जाए और फैक्ट्रियां और ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाएं।
09. पानी और हवा को प्रदूषित करने वालों को सख्त सजा दी जाए।
10. पंजाब की 23 फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए। हमें उम्मीद है कि आप किसानों की इन जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करेंगे और उन्हें जल्द से जल्द लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाएंगे। इस मौके पर सरपंच निर्मल सिंह बेरकलां महासचिव, अमरजीत सिंह भट्टी सी. उपाध्यक्ष, सुरजीत सिंह अध्यक्ष दंगा पीड़ित, परमजीत सिंह नट महासचिव, बलदेव सिंह संधू उपाध्यक्ष, भूपिंदर सिंह शहरी अध्यक्ष, प्रभदीप सिंह सेखों ग्रामीण अध्यक्ष, कुलदीप सिंह खालसा, मौजूद थे।

# जस्टिस यशवंत वर्मा ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज पद से इस्तीफा दिया, लोकसभा में जांच लंबित

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा, जो 'घर पर नकदी' विवाद को लेकर लोकसभा में चल रही जांच का सामना कर रहे हैं, ने भारत के राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने कहा, बड़े दुख के साथ, मैं इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज के पद से तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा देता हूं। इस्तीफे की चिट्ठी की एक कॉपी भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को भेजी गई है। इस्तीफे की चिट्ठी में, जस्टिस वर्मा ने कहा कि वह अपने इस्तीफे के कारणों से राष्ट्रपति के गरिमामय पद पर कोई बोझ नहीं डालना चाहते। उन्होंने आगे कहा कि इस पद पर सेवा करना उनके लिए सम्मान की बात थी। यह इस्तीफा उस समय आया जब लोकसभा समिति द्वारा उन्हें हटाने के प्रस्ताव पर शुरू की गई जांच चल रही थी।



**सार्वजनिक विवाद बनकर सामने आया...** इस घटना के सामने आने के बाद जब यह एक बड़ा सार्वजनिक विवाद बन गया, तो तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने तीन जजों की एक आंतरिक जांच समिति बनाई। इस समिति में जस्टिस शील नागू, जस्टिस जी.एस. संधावालिया, और जस्टिस अनु सिवरमन शामिल थे। जांच पूरी होने तक जस्टिस वर्मा को वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया था और उनसे न्यायिक कार्य वापस ले लिया गया था। समिति ने मई में सीजेआई खन्ना को अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें पहली नजर में जस्टिस वर्मा को दोषी पाया गया था। जब जस्टिस वर्मा ने सीजेआई की इस्तीफा देने की सलाह नहीं मानी, तो सीजेआई ने आगे की कार्रवाई के लिए यह रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दी। सार्वजनिक पारदर्शिता की दिशा में एक कदम उठाते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने आग की घटना से जुड़ी रिपोर्टें और दस्तावेज, जिनमें जलते हुए कैश की तस्वीरें और वीडियो भी शामिल थे, वेबसाइट पर अपलोड कर दिए।

***सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की खारिज...*** *पिछले साल, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने आंतरिक जाँच और साथ ही उन्हें पद से हटाने की सीजेआई की सिफारिश को चुनौती दी थी। इसके बाद, जस्टिस वर्मा ने एक और याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने जाँच समिति गठित करने के लोकसभा स्पीकर के फैसले को चुनौती दी थी। इस साल की शुरुआत में, कोर्ट ने उस याचिका को भी खारिज कर दिया।*

### पिछले साल बनी थी तीन सदस्यों की समिति

पिछले साल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जजों (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत जस्टिस वर्मा के खिलाफ जांच के लिए तीन सदस्यों वाली एक समिति बनाई थी। यह जांच उनके सरकारी आवास पर कथित तौर पर बेहिसाब नकदी मिलने के मामले में की जा रही थी। इस समिति के सदस्यों में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार, बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री चंद्रशेखर, और कर्नाटक हाई कोर्ट के वरिष्ठ वकील वासुदेव आचार्य शामिल हैं। लोकसभा के 146 सदस्यों द्वारा जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए महाभियोग प्रस्ताव पेश किए जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने इस जांच समिति का गठन किया था।

# जिम कोच ने मालिक से की धोखाधड़ी, 20 लाख रुपये का किया गबन, महिला समेत तीन पर केस दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/10 अप्रैल। टिब्बा रोड इलाके में सिद्धू प्रीमियम फिटनेस जिम के कोच ने अपने ही मालिक के साथ लाखों की धोखाधड़ी कर डाली। आरोप है कि कोच ने पिछले 6-7 महीनों के दौरान करीब 20 लाख रुपये का गबन किया है। थाना टिब्बा पुलिस ने किस्मत एवेन्यू टिब्बा रोड के गुरजीत सिंह की शिकायत पर आशु, पूनम और मनदीप सिंह निवासी गुलाबी बाग के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गुरजीत सिंह ने बताया कि वह सिद्धू प्रीमियम फिटनेस जिम चलाते हैं। उनके पास आशू बतौर जिम कोच काम करता था। मालिक का उस पर इतना भरोसा था कि कोचिंग के साथ-साथ पैसों का पूरा हिसाब-किताब भी वही देखता था। गुरजीत सिंह के अनुसार जब उन्होंने पिछले कुछ महीनों के रिकॉर्ड और अकाउंट्स की जांच की तो सामने आया कि आशू ने फंड में हेराफेरी कर लगभग 20 लाख रुपये अपनी जेब में डाल लिए। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने इस गबन के बारे में आशू से पूछताछ की और अपने पैसे वापस मांगे तो वह अपनी असलियत पर उतर आया। आरोपी आशू के साथ-साथ उसकी साथी पूनम और मनदीप सिंह ने मिलकर पीड़ित को बुरा-भला कहा और उसे जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दीं।




# स्वदेशी ट्रेड एक्सपो: 11 दिन खुशियों, संस्कृति, खरीदारी और मनोरंजन के




बठिंडा, पंजाब /यूटर्न/10 अप्रैल। हम गर्व के साथ प्रस्तुत करते हैं स्वदेशी ट्रेड एक्सपो, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, हस्तकला और पारंपरिक कलाओं का एक भव्य 11 दिवसीय मेला है। यह मेला 23 अप्रैल से 3 मई तक PUDA ग्राउंड, बठिंडा में आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में देशभर से प्रसिद्ध कलाकार और शिल्पकार भाग लेंगे, जिनमें पद्म श्री पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, संत कबीर पुरस्कार विजेता, शिल्प गुरु और राज्य पुरस्कार विजेता शामिल हैं। ये सभी कलाकार अपनी बेहतरीन हस्तनिर्मित वस्तुओं, कपड़ों और पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। यह एक्सपो हमारी लुप्त होती जड़ों और संस्कृति को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है। इस आयोजन की एक खास विशेषता है बच्चों के लिए नि:शुल्क कार्यशालाएं, जिन्हें अनुभवी शिल्पकारों द्वारा आयोजित किया जाएगा, ताकि बच्चे पारंपरिक कलाओं को सीख और समझ सकें। इसके अलावा, स्कूली बच्चों के लिए एक विशेष मंच भी उपलब्ध होगा, जहां वे लोक और शास्त्रीय गायन, कथक, सूफी संगीत और अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे और हमारी संस्कृति को आगे बढ़ा सकेंगे। हर शाम को माहौल और भी खास बनेगा डेली स्टार नाइट्स के साथ, जहां मशहूर कलाकार जैसे R Nait, Kamal Khan, G Khan, Meet Kaur, Ninja और अन्य कई प्रसिद्ध नाम अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

मुख्य आकर्षण: पद्म श्री, राष्ट्रीय, संत कबीर, शिल्प गुरु और राज्य पुरस्कार विजेता कलाकारों की भागीदारी खरीदारी के लिए असली स्वदेशी और हस्तनिर्मित वस्तुएं बच्चों के लिए नि:शुल्क कार्यशालाएं स्कूली बच्चों के लिए पारंपरिक कला मंच डेली स्टार नाइट्स के साथ लाइव मनोरंजन पारंपरिक और क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टॉल परिवार के लिए मनोरंजक और सांस्कृतिक वातावरण स्वदेशी ट्रेड एक्सपो केवल एक मेला नहीं, बल्कि एक अभियान है जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और हमारे कलाकारों की कला को प्रोत्साहित करता है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III शनिवार, 11 अप्रैल 2026



पेज 12 चंडीगढ़ की नीलू सुयाल ने बी जी मिसेज इंडिया...

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: 100% दिव्यांग बच्ची को 3.61 करोड़ मुआवजा, 'यह दया नहीं अधिकार'

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सड़क हादसे के एक बेहद संवेदनशील मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 100 प्रतिशत दिव्यांग हो चुकी बच्ची को 3.61 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि मुआवजा किसी प्रकार की खैरात नहीं, बल्कि पीड़ित का वैधानिक अधिकार है। यह फैसला जस्टिस अर्चना पुरी की एकल पीठ ने सुनाया, जिसमें बीमा कंपनी की ओर से मुआवजा घटाने की अपील को खारिज करते हुए पीड़िता अशकारा जैन की अपील स्वीकार की गई।

मामले के अनुसार, 5 जून 2011 को हुए सड़क हादसे में नौ वर्षीय बच्ची को गंभीर मस्तिष्क चोटें आई थीं, जिसके चलते वह 'पर्सिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट' में चली गई। वह न देख सकती है, न बोल सकती है और न ही किसी प्रकार की शारीरिक गतिविधि स्वयं कर सकती है। अदालत ने टिप्पणी की कि इस हादसे ने बच्ची के पूरे जीवन और उसके सपनों को पूरी तरह से खत्म कर दिया। इससे पहले



मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गुरुग्राम ने 78.10 लाख रुपये का मुआवजा तय किया था, जिसे हाईकोर्ट ने अपर्याप्त मानते हुए व्यापक पुनर्मूल्यांकन किया।

कोर्ट ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम एक सामाजिक कल्याण कानून है, जिसके तहत मुआवजा 'जस्ट कंपन्सेशन' होना चाहिए न अत्यधिक, न कम। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मुआवजा तय करते समय पीड़ित की गरिमा, जीवन की गुणवत्ता और भविष्य की जरूरतों को प्राथमिकता देना जरूरी है। हाईकोर्ट ने पाया कि अधिकरण ने भविष्य के इलाज और देखभाल को केवल दो वर्षों तक सीमित कर गंभीर गलती की थी, जबकि बच्ची को जीवनभर विशेष चिकित्सा, नर्सिंग और देखभाल की आवश्यकता है। इसी आधार पर अदालत ने भविष्य के इलाज और परिचारक खर्च के लिए 1.22-1.22 करोड़ रुपये निर्धारित किए।

इसके अलावा अदालत ने विभिन्न मदों में राशि जोड़ते हुए कुल मुआवजा 3.61 करोड़ रुपये तय किया, जिसमें पूर्व चिकित्सा खर्च, अतिरिक्त बिल, भविष्य की आय हानि, दर्द व पीड़ा और जीवन की सुविधाओं के नुकसान को शामिल किया गया। कोर्ट ने बढ़ी हुई राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का भी आदेश दिया। साथ ही एक करोड़ रुपये तुरंत पीड़िता के पिता को जारी करने और शेष राशि को फिक्स्ड डिपॉजिट में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए, ताकि भविष्य में इलाज के लिए इसका उपयोग किया जा सके।

फैसले में अदालत ने दो टूक कहा कि 'मुआवजा कानून की खैरात नहीं, बल्कि अधिकार है' और न्यायालयों की जिम्मेदारी है कि वे पीड़ितों को वास्तविक और सम्मानजनक राहत सुनिश्चित करें।

# हरियाणा में सड़क निर्माण पर संकट: बिटुमेन की सप्लाई 60% घटी, कीमतों में तेज उछाल से 2000 करोड़ के प्रोजेक्ट अटके

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। हरियाणा में सड़क निर्माण कार्य गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और आपूर्ति में कमी के चलते डामर (बिटुमेन) की उपलब्धता करीब 60 प्रतिशत तक घट गई है, जिससे लोक निर्माण विभाग (PWD) के लगभग 2000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट प्रभावित हो गए हैं।

कई परियोजनाएं ठप हो चुकी हैं, जबकि अन्य धीमी गति से चल रही हैं। ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक जैन के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने और कीमतों में उछाल के कारण सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बिटुमेन की भारी कमी हो गई है। इसका सीधा असर राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर पड़ रहा है।

एसोसिएशन का दावा है कि पिछले एक महीने में बिटुमेन की कीमत 45 हजार रुपये प्रति टन से बढ़कर 65 हजार रुपये प्रति टन तक पहुंच गई है, और आने वाले समय में इसके 85 हजार रुपये प्रति टन तक जाने की आशंका है। जहां हर महीने 25-30 हजार टन की जरूरत होती है, वहीं वर्तमान में केवल 8-10 हजार टन की ही सप्लाई मिल पा रही है। सिर्फ बिटुमेन ही नहीं, बल्कि लिक्विड डीजल ऑयल (LDO) की उपलब्धता भी प्रभावित हुई है। मांग के मुकाबले सप्लाई काफी कम है और इसके दाम भी तेजी से बढ़े





हैं, जिससे निर्माण लागत में भारी इजाफा हो रहा है। ठेकेदारों का कहना है कि सरकार द्वारा प्राइवेट या इम्पोर्टेड बिटुमेन के इस्तेमाल पर रोक लगाए जाने से संकट और गहरा गया है। बढ़ती लागत के बावजूद सरकार की ओर से दरों में संशोधन नहीं किए जाने के कारण ठेकेदार काम बंद करने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग की है कि यदि सरकार 2000 करोड़ रुपये तक का मुआवजा देती है, तभी परियोजनाओं को सुचारु रूप से आगे बढ़ाया जा सकता है।

प्रदेशभर में कई निर्माण स्थलों पर मशीनें खड़ी हैं और मजदूर खाली बैठे हैं। नए वर्क ऑर्डर लेने में भी ठेकेदार हिचकिचा रहे हैं। आने वाले समय में मानसून के चलते हालात और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द ही सप्लाई चेन में सुधार और नीतिगत निर्णय नहीं लिए गए, तो राज्य में सड़क निर्माण और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर लंबा असर पड़ सकता है।

## चंडीगढ़ में खत्री समाज की महासभा होगी आयोजित, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव मुख्य अतिथि होंगे



पुनीत महाजन

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। अखिल भारतीय खत्री स्वयं सेवक संघ द्वारा आगामी 26 अप्रैल को चंडीगढ़ में एक भव्य महासभा का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में आज हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी से शिष्टाचार भेंट की गई। इस मुलाकात के दौरान तरुण भंडारी ने महासभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार किया, जिसके लिए संघ की ओर से उनका आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने खत्री समाज को एकजुट करने के प्रयासों की सराहना करते हुए संगठन के कार्यों की प्रशंसा की और आगे भी इसी प्रकार समाजहित में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर करनाल से शेरू विज, जो अखिल भारतीय खत्री स्वयं सेवक संघ के प्रधान हैं, को भी महासभा में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने समस्त खत्री समाज से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महासभा में भाग लें और समाज की एकता एवं विकास के लिए अपना योगदान दें।

## अपने फूड सैंपल की करवाये स्वयं जांच तो करेंगे जागरूक

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 10 अप्रैल। फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन, पंजाब के निर्देशों के अनुसार, जिले में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक फूड सेफ्टी फोर्टनाइट मनाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य आम जनता में जागरूकता पैदा करना और सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशीष चावला ने बताया कि इस दौरान जिले भर में फूड सेफ्टी से संबंधित विशेष अभियान चलाए जाएंगे। नामित अधिकारियों और फूड सेफ्टी अधिकारियों को नियमित जांच करने, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा फूड बिजनेस ऑपरेटरों को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि

फूड बिजनेस ऑपरेटरों को दूध, दुग्ध उत्पादों और मसालों जैसे खाद्य पदार्थों के सैंपल परीक्षण हेतु स्वेच्छा से जमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए फूड सेफ्टी अधिकारी प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक अपने कार्यालयों में उपलब्ध रहेंगे और सैंपल प्राप्त करेंगे, जिन्हें विश्लेषण के लिए स्टेट फूड लेबोरेटरी, खरड़ भेजा जाएगा। डॉ. चावला ने आगे बताया कि यदि कोई सैंपल निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता है, तो उसकी रिपोर्ट संबंधित ऑपरेटर के साथ साझा की जाएगी। कमियों के कारणों की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और इसके बाद विभाग द्वारा अपने स्तर पर एन्फोर्समेंट सैंपल लिए जाएंगे ताकि फूड सेफ्टी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। जनता तक व्यापक पहुंच बनाने के लिए फूड सेफ्टी अधिकारियों को फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स यूनिटों के साथ तैनात किया जाएगा, जो जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाएंगे। ये गतिविधियां लोगों को सुरक्षित भोजन की आदतों और स्वच्छता के बारे में शिक्षित करने पर केंद्रित होंगी।

# नई औद्योगिक नीति से उद्योगों को बड़ी राहत, एमएसएमई सेक्टर भी मजबूत करने पर फोकस - मंत्री संजीव अरोड़ा

पटियाला/यूटर्न/10 अप्रैल। पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, स्थानीय निकाय और बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा ने पटियाला में आयोजित एमएसएमई की जिला स्तरीय बैठक के दौरान उद्योगपतियों से बातचीत की। बैठक में उन्होंने विभिन्न जिलों से आए उद्यमियों की समस्याएं सुनीं और कई मुद्दों का मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह भी उपस्थित रहे। मंत्री ने स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि शहरों में सफाई और सीवरेज व्यवस्था में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों को बुनियादी नागरिक सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर मिलनी चाहिए। इसी दिशा में उन्होंने घोषणा की कि मई के अंत तक पंजाब के शहरी क्षेत्रों में 1300 करोड़ की लागत से 2120 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग योजना तैयार की गई है।

## 1300 करोड़ की लागत से 2120 किलोमीटर सड़कों का निर्माण






## नई इंडस्ट्रियल पार्क नीति होगी लागू

संजीव अरोड़ा ने यह भी बताया कि पंजाब सरकार एक महीने के भीतर नई इंडस्ट्रियल पार्क नीति लागू करेगी, जिसके तहत राज्य में कम से कम 25 एकड़ क्षेत्र में बड़े औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इन पार्कों के विकास में उद्यमियों और रियल एस्टेट डेवलपर्स की संयुक्त भागीदारी होगी, जबकि निवेशक इन परियोजनाओं में पंजीकरण कर आवश्यक मंजूरियां प्राप्त कर सकेंगे। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सरकार निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि ऐसे औद्योगिक पार्क विकसित किए जा सकें जहां छोटे और बड़े दोनों प्रकार के प्लॉट उपलब्ध हों।

## किसानों के हितों की रक्षा करेगी सरकार


मंत्री ने किसानों के हितों की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि फसल नुकसान या प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में किसानों को हर संभव सहायता दी जाएगी। साथ ही नकली बीज बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बिजली क्षेत्र पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले सौर परियोजनाएं 100% आवंटन के आधार पर दी जाती थीं, लेकिन अब बिजली बोर्ड स्वयं टेंडर जारी कर रहा है, जिससे बेहतर परिणाम मिले हैं। उन्होंने बताया कि नई औद्योगिक नीति 2026 के तहत फिल्म स्टूडियो, अस्पताल और होटल जैसे नए क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। खास तौर पर एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने पर जोर दिया गया है, क्योंकि यह औद्योगिक विकास की रीढ़ है।

## निवेशकों के लिए पसंदीदा राज्य बनकर उभर रहा पंजाब

मंत्री ने दावा किया कि पंजाब अब निवेशकों के लिए पसंदीदा राज्यों में उभर रहा है और अन्य राज्य भी इन पहलों की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य जन-केंद्रित विकास सुनिश्चित करना है और उद्योग, बुनियादी ढांचे तथा सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार के जरिए पंजाब विकास के नए आयाम हासिल करेगा। इस अवसर पर समाना के विधायक चेतन सिंह जौड़ा माजरा, पटियाला शहरी के विधायक अजीतपाल सिंह कोहली, मेयर कुंदन गोगिया, डिप्टी मेयर हरिंदर कोहली सहित कई अधिकारी और उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### एक तरफ अंतरिक्ष में जीवन का संचार और दूसरी तरफ धरती पर नरसंहार।

आज का समय विज्ञान और तकनीक की अद्भुत प्रगति का प्रतीक है। इंसान चाँद पर जीवन की संभावनाएँ खोजने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है। नई-नई खोजों और अभियानों के माध्यम से वह यह जानना चाहता है कि क्या पृथ्वी के बाहर भी जीवन संभव है। यह जिज्ञासा और खोज की भावना मानव विकास की पहचान है।

लेकिन दूसरी ओर, यही इंसान पृथ्वी पर रहने वाले अपने ही लोगों के जीवन को नष्ट करने में लगा हुआ है। कहीं युद्ध के नाम पर, तो कहीं सत्ता और स्वार्थ के कारण, मिसाइलें गिराई जा रही हैं और निर्दोष लोगों की जान ली जा रही है। यह स्थिति अत्यंत दुखद और चिंताजनक है।

एक ओर हम जीवन की खोज में अंतरिक्ष तक पहुँच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर धरती पर जीवन को समाप्त कर रहे हैं। यह इंसानियत के साथ एक बड़ा मजाक प्रतीत होता है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि असली प्रगति केवल तकनीकी उन्नति में नहीं, बल्कि शांति, प्रेम और सह-अस्तित्व में है। यदि हम सच में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो हमें अपने भीतर मानवता को जीवित रखना होगा और पृथ्वी को एक शांतिपूर्ण स्थान बनाना होगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Name Change और Gazette Publication— पूरा process**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

नाम बदलना एक कानूनी प्रक्रिया है, जिसे सही तरीके से पूरा करना जरूरी होता है, अन्यथा भविष्य में दस्तावेजों में समस्या आ सकती है।

Name Change के लिए सबसे पहले एक Affidavit तैयार किया जाता है, जिसमें पुराने और नए नाम का उल्लेख होता है।

इसके बाद स्थानीय समाचार पत्र (newspaper) में नाम परिवर्तन का विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है।

अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है Gazette Notification, जिसमें सरकार द्वारा नाम परिवर्तन को आधिकारिक रूप से दर्ज किया जाता है।

Gazette में प्रकाशित होने के बाद ही नाम परिवर्तन पूरी तरह वैध (legally valid) माना जाता है, और उसके बाद व्यक्ति अपने सभी दस्तावेजों—जैसे आधार, पासपोर्ट, बैंक आदि—में नया नाम अपडेट कर सकता है।

कई लोग Gazette प्रक्रिया को छोड़ देते हैं, जिससे बाद में कानूनी और दस्तावेजी समस्याएं आती हैं।

निष्कर्ष: नाम बदलना केवल घोषणा नहीं, बल्कि एक पूर्ण कानूनी प्रक्रिया है। Affidavit, newspaper publication और Gazette—तीनों चरणों को पूरा करना आवश्यक है।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 11 और 12 अप्रैल 2026 को जीरकपुर में होगा आयोजित

चंडीगढ़ /यूटर्न/10 अप्रैल। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीयअधिवेशन 11 और 12 अप्रैल 2026 को जीरकपुर के वेडलॉक मैनर में आयोजित हो रहा है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राजा मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में यह अधिवेशन आयोजित हो रहा है। राजा मानवेन्द्र सिंह जी -राष्ट्रीय अध्यक्ष मथुरा से तीन बार सांसद रह चुके हैं। अधिवेशन में टिक्का शिवेंद्र पाल कुटलैहड़ -राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विजय सिंह सोनगरा-राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गजेंद्र सिंह राणा -चंडीगढ़ अध्यक्ष, यशपाल राणा-हरियाणा अध्यक्ष, कामनेश धलारिया-चंडीगढ़ सचिव, अमन राम-चंडीगढ़ उपाध्यक्ष, उमेश सिंह राणा-पंजाब युवा अध्यक्ष, साहिल सिंह राठौड़-पंजाब युवा उपाध्यक्ष और कुँवर नीरज सिंह इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक है। राजा मानवेन्द्र सिंह जी -राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 11 और 12 अप्रैल 2026 को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर से क्षत्रिय समाज के सदस्य शामिल होंगे। इनके अलावा कार्यक्रम में समाज के विशिष्ट अतिथि एवं प्रबुद्ध जन और कई राज परिवार का भी आना प्रस्तावित है। उन्होंने आगे बताया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की स्थापना 1897 में हुई थी, जो देश की अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा देश की सबसे पुरानी संस्था है और इसे 129 वर्ष पूर्ण हो चुके है।

## स्प्रिंग डेल में छाई बैसाखी की बहार

लुधियाना/यूटर्न/10 अप्रैल। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में बैसाखी का त्योहार बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में किंडरगार्टन के बच्चों के लिए विरासत के साजो-सामान के साथ सजा हुआ एक गाँव का दृश्य भी प्रस्तुत किया गया। किंडरगार्टन के ये सभी बच्चे पंजाबी सांस्कृतिक पोशाक में नजर आए।



स्कूल की छात्राओं ने भी रंगारंग और सांस्कृतिक पंजाबी लोक नृत्य प्रस्तुत करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस बीच पूरे स्कूल में बैसाखी उत्सव की धूम देखने योग्य थी और बच्चों का उत्साह सराहनीय रहा।इस अवसर पर स्कूल की माननीय चेयरपर्सन मैडम अविनाश कौर वालिया जी ने सभी को खालसा पंथ के सृजना दिवस और बैसाखी के पवित्र त्योहार की बधाई दी और बच्चों को यह संदेश भी दिया कि बैसाखी का त्योहार हमारी पंजाबी संस्कृति का अभिन्न अंग है। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर्स मनदीप वालिया, कमलप्रीत कौर, डिप्टी डायरेक्टर सोनिया वर्मा और प्रिंसीपल अनिल कुमार शर्मा ने सभी बच्चों और स्टाफ को बैसाखी और खालसा सृजना दिवस की बधाई भी दी।

# ट्राइसिटी को बड़ी सौगातः पंचकुला में मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ

पंचकुला/यूटर्न/10 अप्रैल। पार्क ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने शुक्रवार को पंचकुला में अपने अत्याधुनिक मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के शुभारंभ की घोषणा की।

यह नया अस्पताल हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ में टर्शियरी और क्वाटर्नरी केयर सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। अस्पताल का लक्ष्य मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें इलाज के लिए दिल्ली जैसे महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़े। 350 बिस्तरों की क्षमता वाला यह अस्पताल पंचकुला का अब तक का सबसे बड़ा अस्पताल माना जा रहा है, जिसमें 120 आईसीयू बेड शामिल हैं। अस्पताल में 10 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, एडवांस न्यूरो कैपेबल कैथ लैब और दा विंची एक्स रोबोट जैसी आधुनिक तकनीकों की सुविधा उपलब्ध है। यह संस्थान ऑन्कोलॉजी, न्यूरोसाइंस, ऑर्थोपेडिक्स, कार्डियोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी सहित कई प्रमुख चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। हाई-एक्यूटी केयर पर विशेष ध्यान देते हुए इसे उन्नत क्रिटिकल केयर इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित किया गया है। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अंकित गुप्ता और ग्रुप सीईओ डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि यह अस्पताल उत्तर भारत में गुणवत्तापूर्ण और रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




# पंचकूला में मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती धूमधाम से, तैयारियां तेज

पंचकूला/यूटर्न/10 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने प्रदेश मुख्यालय 'पंचकमल' में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। बैठक में श्री बेदी ने बताया कि 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जयंती के मौके पर पार्टी मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। साथ ही प्रदेश के सभी बूथों पर इसे भव्य तरीके से मनाने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो समाज में समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश देंगी। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठन पूरी ताकत के साथ इस आयोजन को सफल बनाएगा।



# हरियाणा सरकार ने 4 आईएएस, 13 एचसीएस अधिकारियों का तबादला किया

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। हरियाणा सरकार ने तत्काल प्रभाव से चार आईएएस और 13 एचसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। पिछले तीन दिनों में आईएएस अधिकारियों का यह दूसरा फेरबदल है। 2011-बैच के आईएएस अधिकारी विजय कुमार सिद्दप्पा भाविकट्टी को राज्यपाल का सचिव, श्रम आयुक्त और श्रम विभाग का विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। 2014-बैच के आईएएस अधिकारी अनीश यादव अब अपने मौजूदा कर्तव्यों के अलावा ल्अत्रक्ष्ऊके प्रबंध निदेशक और हरियाणा इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चरल मार्केटिंग कॉर्पोरेशन, गन्नौर के एमडी भी होंगे। विक्रम को अब उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड का प्रबंध निदेशक, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड का प्रबंध निदेशक, सरकार के ऊर्जा विभाग का विशेष सचिव और हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड, नई दिल्ली का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।



**आईएएस सचिन गुप्ता को कई अतिरिक्त चार्ज मिले...** आईएएस सचिन गुप्ता अब अपने मौजूदा कर्तव्यों के अलावा HSVP, रोहतक के प्रशासक और शहरी संपदा, रोहतक के अतिरिक्त निदेशक भी होंगे। एचसीएस अधिकारियों में अमित कुमार पुन्हाना के एसडीएम हैं, जबकि वीरेंद्र चौधरी अब कुरुक्षेत्र जिला परिषद के सीईओ और कुरुक्षेत्र DRDA के सीईओ हैं। 2013-बैच के एचसीएस अधिकारी मनीष कुमार लोहान को अपने मौजूदा कर्तव्यों के अलावा हरियाणा के खान एवं भूविज्ञान विभाग का अतिरिक्त निदेशक और हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग का अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।

**कई एसडीएम नियुक्त**

सुरेंद्र सिंह सोनीपत के खानपुर कलां स्थित मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त निदेशक, वेद प्रकाश डबवाली के एसडीएम और भूपेंद्र सिंह पलवल के एसडीएम हैं। अश्वीर सिंह को अब बरवाला का एसडीएम नियुक्त किया गया है, संजीव कुमार बावल के नए एसडीएम हैं, और ज्योति नागपाल अब गुरुग्राम की नगर मजिस्ट्रेट हैं। हनी बंसल अब फरीदाबाद के एसडीएम हैं, और अंकित कुमार को गोहाना का एसडीएम नियुक्त किया गया है।

# पंजाब मॉडर्न कॉम्प्लेक्स में ड्रेनेज कार्य शुरू, जलभराव से मिलेगी राहत



जीरकपुर /यूटर्न/10 अप्रैल। जीरकपुर के पंजाब मॉडर्न कॉम्प्लेक्स के निवासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से लंबित ड्रेनेज कार्य का शुक्रवार सुबह विधिवत शुभारंभ कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस कार्य के शुरू होने से कॉलोनी में लंबे समय से बनी एक बड़ी समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है। इस महत्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ नगर परिषद के पूर्व प्रधान उदयवीर सिंह ढिल्लों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान अरविंद राणा, मार्केट एसोसिएशन के प्रधान परमजीत सिंह पम्मी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और कॉलोनी निवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कॉलोनी वासियों के अनुसार, ड्रेनेज की समस्या काफी समय से बनी हुई थी। विशेष रूप से बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती थी, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार यह स्थिति स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन जाती थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ड्रेनेज कार्य शुरू होने से अब उन्हें बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बेहतर ड्रेनेज सिस्टम से क्षेत्र में जलभराव की समस्या खत्म होगी और साफ-सफाई व्यवस्था में भी सुधार आएगा। इससे कॉलोनी का वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित बनेगा। इस मौके पर कॉलोनी वासियों ने दीपेंद्र सिंह ढिल्लों और उदयवीर सिंह ढिल्लों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इनके प्रयासों से ही यह जनहित का कार्य संभव हो पाया है, जिसका लाभ पूरे क्षेत्र को मिलेगा। निवासियों ने उम्मीद जताई कि यह कार्य तय समय में पूरा किया जाएगा और भविष्य में भी इसी तरह विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को और मजबूत किया जा सके।

# कौंसिल बिल्डिंग के टॉयलेट में पानी गायब, नगर परिषद की व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

जीरकपुर/यूटर्न/10 अप्रैल। ट्राइसिटी का तेजी से विकसित होता शहर जीरकपुर भले ही आधुनिक सुविधाओं और विकास के बड़े-बड़े दावे करता हो, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। नगर परिषद जीरकपुर की कार्यप्रणाली उस समय सवालों के घेरे में आ गई, जब कौंसिल बिल्डिंग में बने पब्लिक टॉयलेट में लोगों को हाथ धोने तक के लिए पानी उपलब्ध नहीं मिला। यह कौंसिल बिल्डिंग शहर का एक प्रमुख प्रशासनिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों लोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं। इसी परिसर में तहसील कार्यालय और डीएसपी ऑफिस भी स्थित हैं, जिसके चलते यहां लगातार भीड़ बनी रहती है। इतनी अहम जगह पर ही यदि मूलभूत सुविधाओं का अभाव हो, तो पूरे शहर की व्यवस्थाओं पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय लोगों ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि जब नगर परिषद अपने ही कार्यालय परिसर में साफ-सफाई और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित नहीं कर पा रही, तो शहर के अन्य हिस्सों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों के अनुसार, टॉयलेट की हालत न केवल असुविधाजनक है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकती है। नगर परिषद द्वारा समय-समय पर विकास और बेहतर सुविधाएं देने के दावे किए जाते हैं, लेकिन इस तरह की घटनाएं उन दावों की पोल खोलती नजर आती हैं। पब्लिक टॉयलेट में पानी का अभाव प्रशासनिक लापरवाही और मॉनिटरिंग की कमी को उजागर करता है।



Uturn Time 11 Apr 2026_Layout 2  10-04-2026  23:53  Page 8



# रामदरबार में अंबेडकर जयंती पर तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट, 48 टीमों की भागीदारी से गूंजा मैदान

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के 135 वें जयंती अवसर पर राजस्थान खाटू सेवा समिति के तत्वावधान में रामदरबार मंडी ग्राउंड में तीन दिवसीय भव्य क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस टूनार्मेंट में 48 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में खेल और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला। टूनार्मेंट की अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन लीलाधर स्वामी और वाइस चेयरमैन समदर्श वेद जोसेफ ने संयुक्त रूप से की। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को खास बना दिया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू, हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के सुपुत्र गौरव बेदी और भाजपा नेत्री रंजीता मेहता मौजूद रहे। इनके साथ कई सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय मुख्य संचालक एवं धर्मगुरु भावाधस वीरेश शिव कुमार बिडला , राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा विंग भावाधस भारत मुकेश सिरसवाल, राष्ट्रीय संचालक, भावाधस ओमपाल सिंह चावर, वरिष्ठ नेता, वाल्मीकि समाज सुरेंद्र बेदी, सुरेश बेनीवाल , एरिया पार्षद नेहा मुसावत, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रोहतास यादव, वाल्मीकि शोभायात्रा कमेटी चंडीगढ़ के चेयरमैन विकास चंडालिया और पंचकुला वाल्मीकि शोभायात्रा कमेटी चेयरमैन ज्योति पुहाल सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने युवाओं को नशे से दूर रहने, शिक्षा को अपनाने और खेलों में सक्रिय भागीदारी करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और एकता को भी मजबूत करते हैं। आयोजक लीलाधर स्वामी और समदर्श वेद जोसेफ ने बताया कि इस टूनार्मेंट का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना और समाज में भाईचारा व एकजुटता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखे जाएंगे, ताकि युवा सही दिशा में आगे बढ़ सकें।

# उद्योग मंत्री ने किया एचएमईएल की गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी का दौरा, पंजाब को पेट्रोकेमिकल हब बनाने का रखा विजन



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/10 अप्रैल। पंजाब के उद्योगिक विकास के प्रति अपनी बचनबद्धता को दोहराते हुए उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और स्थानीय निकाय मंत्री पंजाब सरकार श्री संजीव अरोड़ा ने आज एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) की गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी, बठिंडा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रिफाइनरी की विश्वस्तरीय अवसंरचना, मजबूत सुरक्षा संस्कृति और आधुनिक तकनीकी पहलों की खुलकर सराहना की। रिफाइनरी पहुंचने पर मंत्री का स्वागत एचएमईएल के एमडी एवं सीईओ श्री प्रभ दास तथा वरिष्ठ नेतृत्व टीम द्वारा किया गया। दौरे के दौरान उन्होंने रिफाइनरी की प्रमुख परिचालन इकाइयों का निरीक्षण किया और एचएमईएल की नेतृत्व टीम के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्हें यहां उपयोग में लाई जा रही अत्याधुनिक तकनीकों और सर्वोत्तम प्रबंधन प्रणालियों की जानकारी दी गई। पंजाब के औद्योगिक विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान के नेतृत्व में नई औद्योगिक नीति 2026 राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को नई दिशा देगी और बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करेगी।

उन्होंने यह भी प्रसन्नता व्यक्त की कि एचएमईएल समूह ने पंजाब को अपनी प्रमुख निवेश स्थली बनाया है, जहां कंपनी का कुल निवेश लगभग ₹60,000 करोड़ तक पहुंच चुका है। इसके साथ ही फाइन केमिकल सेक्टर में एचएमईएल द्वारा हाल ही में घोषित ₹2,600 करोड़ के निवेश को उन्होंने राज्य की औद्योगिक क्षमता को और मजबूत करने वाला कदम बताया। मंत्री ने एचएमईएल के उच्च सुरक्षा और दक्षता मानकों की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी ने औद्योगिक संचालन के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित किया है। इस अवसर पर उन्होंने रिफाइनरी में स्थित एशिया के सबसे बड़े स्वचालित प्रोडक्ट स्टोरेज वेयरहाउस का भी दौरा किया, जो लगभग 1 किलोमीटर लंबा है और 1.5 लाख टन पॉलिमर संग्रहित करने की क्षमता रखता है। यह पूरी तरह स्वचालित और मानव रहित प्रणाली से संचालित होता है। तकनीकी नवाचार की सराहना करते हुए मंत्री को हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में पहली बार उपयोग किए जा रहे क्वाड्रूपेड रोबोटिक डॉग (K-9X) से भी अवगत कराया गया। यह रोबोट निगरानी, गैस रिसाव की पहचान और सुरक्षा मॉनिटरिंग के लिए उपयोग किया जाता है। श्री अरोड़ा ने कहा कि इस प्रकार की तकनीकी पहलें एचएमईएल को नवाचार का प्रतीक बनाती हैं और पंजाब को भविष्य-केंद्रित औद्योगिक राज्य के रूप में स्थापित करती हैं। पेट्रोकेमिकल डाउनस्ट्रीम सेक्टर की संभावनाओं पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र निवेश, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के लिए व्यापक अवसर प्रदान करता है।

# मनीमाजरा में स्कूल एडमिशन संकट: प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा निदेशक से की मुलाकात, RTE के तहत दाखिले की उठाई मांग

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। मनीमाजरा क्षेत्र में सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले को लेकर बढ़ती समस्याओं के बीच एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ के शिक्षा निदेशक नितीश सिंगला से मुलाकात कर जमीनी हालात से अवगत कराया। अभिभावकों का कहना है कि 'शिक्षा का अधिकार' होने के बावजूद बच्चों को नजदीकी स्कूलों में दाखिले के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।





रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशनों के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले कई समय से मनीमाजरा के विभिन्न इलाकों से अभिभावक लगातार शिकायतें कर रहे हैं। इसी को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें विशेष रूप से पीपली वाला टाउन और मॉडर्न कॉम्प्लेक्स (सब्जी मंडी के पास) के बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत नजदीकी स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित करने की मांग की गई। मुलाकात के दौरान पिपली वाला टाउन रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रमेश कुमार गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय ने गवर्नमेंट मॉडल मिडल स्कूल मनीमाजरा हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में व्याप्त अव्यवस्थाओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

शिक्षा निदेशक नितीश सिंगला ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे व्यक्तिगत रूप से मामले की जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में बच्चों के दाखिले में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक बाधा नहीं आने दी जाएगी और लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि प्रशासन के सकारात्मक रुख से क्षेत्र के बच्चों को उनके अधिकार के अनुसार नजदीकी स्कूलों में शिक्षा मिल सकेगी। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

# निगम कमिश्नर की सख्ती के बाद एक्शन में बिल्डिंग ब्रांच, कई अवैध निमार्णों पर चलाया पीला पंजा

लुधियाना/यूटर्न/10 अप्रैल। नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल द्वारा हाल ही में बिल्डिंग ब्रांच के अधिकारियों के साथ बैठक कर अवैध निमार्णों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के आरोप दिए थे। जिसके बाद बिल्डिंग ब्रांच द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी के तहत शुक्रवार को बिल्डिंग शाखा ने पीरू बांदा इलाके में बन रही एक अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया।





इसके अलावा, जोन-सी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में सात निमार्णाधीन अवैध इमारतों पर भी कार्रवाई की गई। इनमें ईस्टमैन चौक, जसपाल बांगड़ और डाबा रोड जैसे इलाके शामिल हैं। जोन-सी में गिराई गई कुल सात अवैध इमारतों में से चार कमर्शियल और तीन औद्योगिक निर्माण थे।

## पहले भी की जा चुकी कार्रवाई

जोन-ए की बिल्डिंग शाखा के अधिकारियों ने बताया कि संबंधित अवैध कॉलोनी के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की जा चुकी थी, लेकिन मालिक द्वारा दोबारा निर्माण शुरू कर दिया गया था, जिसके चलते शुक्रवार को फिर से कार्रवाई करनी पड़ी। इस दौरान बिल्डिंग शाखा के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे नगर निगम से बिल्डिंग प्लान की मंजूरी लेने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू करें, अन्यथा अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता के निदेशों पर अवैध निमार्णों के खिलाफ अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं।

# शहर में ट्रैफिक की समस्याओं को लेकर पुलिस के साथ मीटिंग

सोनू टुटेजा
बठिंडा/यूटर्न/10 अप्रैल। बठिंडा शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए व्यापार आयोग के चेयरमैन बिक्रम लवली ने एक मीटिंग की, जिसमें DSP करमजीत सिंह, ट्रैफिक इंचार्ज मेजर सिंह और सिविल डिफेंस के कर्मचारी मौजूद थे। मीटिंग के दौरान शहर की मौजूदा ट्रैफिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर मौजूद अधिकारियों और सदस्यों ने ट्रैफिक जाम, गैर-कानूनी पार्किंग और बेतरतीब गाड़ी चलाने के मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर मौजूद व्यापारियों ने ट्रैफिक मैनेजमेंट को बेहतर बनाने के बारे में अपने विचार शेयर किए।



व्यापारियों ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक खास अभियान चलाया जाना चाहिए। इससे न सिर्फ ट्रैफिक जाम कम होगा, बल्कि सड़क हादसों में भी कमी आएगी। व्यापार आयोग के चेयरमैन बिक्रम लवली और मालवा वेस्ट के स्टेट सेक्रेटरी डॉ. तरसेम ने कहा कि शहर में ट्रैफिक को सुचारू बनाने के लिए इस मुद्दे को सबसे पहले हल किया जाना चाहिए। मीटिंग के आखिर में सबने मिलकर भरोसा दिलाया कि मिलकर कोशिश करने से बठिंडा की ट्रैफिक प्रॉब्लम का जल्दी और पक्का हल निकाला जाएगा, ताकि लोगों को आने-जाने के लिए आसान और सुरक्षित माहौल मिल सके।

# डिप्टी कमिश्नर की ओर से किसानों से फसली अवशेषों के उचित प्रबंधन की अपील

## कहा, पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और मिट्टी की उर्वरता शक्ति की रक्षा के लिए खेतों में आग न लगाई जाए

दलजीत अज्नोहा
होशियारपुर/यूटर्न/10 अप्रैल। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने आज यहां जिला स्तरीय किसान प्रशिक्षण शिविर के दौरान किसानों से जोरदार अपील की कि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता शक्ति को मजबूत रखने के लिए फसली अवशेषों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए तथा इस उद्देश्य के लिए कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही फसल प्रबंधन मशीनों का उपयोग किया जाए।

स्थानीय सिटी सेंटर में पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा खरीफ फसलों संबंधी लगाए गए किसान प्रशिक्षण शिविर के मौके पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए किसानों को संबोधित करते हुए डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने कहा कि गेहूं और धान के अवशेषों को खेतों में आग लगाए बिना होशियारपुर को इस प्रबंधन के लिए अग्रणी जिला बनाने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने चाहिए।



# अमरनाथ यात्रा से पहले श्रद्धालुओं की परीक्षा, मेडिकल के नाम पर फीस और इंतजार

## फ्री मेडिकल की जगह 200 रुपये वसूली, सर्टिफिकेट फिर भी नहीं मिला

डेराबस्सी/यूटर्न/10 अप्रैल। श्री अमरनाथ यात्रा की तैयारी में जुटे श्रद्धालुओं के लिए इस बार सफर शुरू होने से पहले ही मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। यात्रा के लिए जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने पहुंचे लोगों को न केवल जेब ढीली करनी पड़ रही है, बल्कि घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। अब तक यह प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क होती थी, लेकिन इस बार डेराबस्सी के सबडिवीजन अस्पताल में मेडिकल के नाम पर 200 रुपये फीस वसूली जा रही है। हैरानी की बात यह है कि शुल्क देने के बावजूद किसी भी श्रद्धालु को मेडिकल सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया। श्री अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त तक प्रस्तावित है। यात्रा में शामिल होने के लिए पहले स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अनिवार्य होता है। श्राइन बोर्ड की ओर से जारी सूची के अनुसार पूरे हलके के लिए केवल डेराबस्सी अस्पताल को ही अधिकृत किया गया है, जहां दो डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। गुरुवार को करीब 30 श्रद्धालु मेडिकल करवाने पहुंचे, लेकिन उन्हें प्रक्रिया के दौरान कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं का कहना है कि पहले केवल दस रुपये की ओपीडी पर्ची बनती थी, लेकिन इस बार 200 रुपये अतिरिक्त लिए गए।



जब उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से इस बारे में सवाल किया और पुराने नि:शुल्क मेडिकल का हवाला दिया, तो प्रबंधन ने किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार कर दिया। इस मुद्दे पर श्रद्धालुओं में नाराजगी साफ नजर आ रही है।

# भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया



ज्योति जलाते हुए उच्च अधिकारी



योग का अभ्यास करते हुए।

लुधियाना/यूटर्न/10 अप्रैल। भारतीय योग संस्थान ने अपना स्थापना दिवस लुधियाना के प्रत्येक क्षेत्र के केंद्र में बड़ी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया। 10 अप्रैल 1967 को भारतीय योग संस्थान की स्थापना श्रद्धेय स्वर्गीय श्री प्रकाश लाल जी द्वारा दिल्ली में की गई थी। भारतवर्ष व विदेशों में 4500 से अधिक केंद्र निशुल्क चल रहे हैं। लुधियाना में लगभग 125 केंद्र निशुल्क चल रहे हैं। जिसका लक्ष्य लोगों के जीवन को स्वस्थ, सकुशल, संतुलित एवं जागरूक बनाना है। शाखाओ में आसन, प्राणायाम व ध्यान करवाया गया व करवाया जाता है ! भारतीय -- भारतीय योग संस्थान में अटूट विश्वास रखते हैं! इस कार्यक्रम में पंजाब प्रांत के उच्च अधिकारियों श्री कुंदन वरमानी अध्यक्ष पंजाब प्रांत, वरिंदर धीर , प्रवीण शर्मा जी, देवी सहाय टंडन जी ,भीमसेन जी, वह जिला अधिकारियों श्रीमती सुमन विरमानी, डॉक्टर धर्म सिंह, रविंदर रविंदर सिंगला जी एवं सुमन कुमार जैन जी विशेष रूप से उपस्थित हुए। सभी साधकों व साधिकाओ ने कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की।

# अंतिम जनरल हाउस बैठक में 12 करोड़ के विकास कार्य पास



सोनू टुटेजा
बठिंडा/यूटर्न/10 अप्रैल। महापौर श्री पदमजीत सिंह मेहता की अगुवाई में नगर निगम के जनरल हाउस की अंतिम बैठक एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 12 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक के माहौल में विकास योजनाओं की चर्चा रही। इस दौरान कमिश्नर मैडम लवजीत कौर कल्सी, ज्वाइंट कमिश्नर श्री राकेश कुमार, सीनियर डिप्टी मेयर श्री शाम लाल जैन सहित सारे अधिकारी व पार्षद साहिबान उपस्थित थे। मेयर श्री मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि सभी पार्षदों ने एक परिवार और टीम के रूप में काम करते हुए शहर के विकास में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में नगर निगम ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे बठिंडा को नई पहचान मिली है। मेयर ने जानकारी दी कि गत दिवस कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरोड़ा के साथ हुई बैठक में उन्होंने बठिंडा के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये के फंड की घोषणा की गई है। यह राशि अगले दो महीनों में विभिन्न परियोजनाओं पर खर्च की जाएगी।

# कमल कौर हत्याकांड मामले mr मुख्य आरोपी अमृतपाल सिंह मेहरों UAE से गिरफ्तार, पंजाब लाया गया








चंडीगढ़/बठिंडा/यूटर्न/10 अप्रैल। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी उर्फ कमल कौर हत्याकांड में बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब पुलिस ने मुख्य आरोपी अमृतपाल सिंह मेहरों को संयुक्त अरब अमीरात (UAE) से गिरफ्तार कर भारत ले आई है। आरोपी को शुक्रवार सुबह नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया।

पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग की ऑफटेक सेल ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। हत्या के बाद आरोपी दुबई फरार हो गया था और वहीं छिपा हुआ था। पुलिस के अनुसार, बठिंडा की अदालत ने 7 फरवरी 2026 को अमृतपाल को भगोड़ा घोषित कर दिया था। इसके बाद इंटरपोल के माध्यम से उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया। जांच के दौरान उसकी लोकेशन मिडिल ईस्ट में ट्रेस होने के बाद डिपोर्टेशन प्रक्रिया शुरू की गई और UAE अथॉरिटीज की मदद से उसे भारत लाया गया। इस मामले में आरोपी के तीन सहयोगी जसप्रीत सिंह, निमरतजीत सिंह और रणजीत सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है कि 11 जून 2025 को बठिंडा के आदेश अस्पताल की पार्किंग में कमल कौर का शव एक कार से बरामद हुआ था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने इन्फ्लुएंसर का अपहरण कर गला घोंटकर हत्या की और शव को कार में छोड़ दिया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई थी। वारदात के बाद मुख्य आरोपी देश छोड़कर फरार हो गया था, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उसे अदालत में पेश कर आगे की पूछताछ और रिमांड की प्रक्रिया पूरी करेगी। इस बीच बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर ने आरोपी की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए पंजाब पुलिस की कार्रवाई की सराहना की और लोगों से अपील की कि वे आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का समर्थन न करें।

# धर्मशाला में कमलजीत सिंह पंछी सम्मानित, तिब्बती सरकार के प्रधानमंत्री से की मुलाकात



चंडीगढ़/धर्मशाला/यूटर्न/10 अप्रैल। चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेक्टर-17 के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (निर्वासित तिब्बती सरकार) द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान पंछी ने तिब्बती सरकार के प्रधानमंत्री पेनपा त्सेरिंग से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान पंछी ने प्रधानमंत्री को सम्मान और सद्भावना के प्रतीक के रूप में पारंपरिक सिरोपा भेंट किया। दोनों के बीच बातचीत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई, जिसमें सामुदायिक कल्याण, आपसी सहयोग और सामाजिक सद्भाव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पंछी को प्रधानमंत्री पेनपा त्सेरिंग और सांसद त्सेरिंग यांगचेन द्वारा एक प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें चंडीगढ़ के पोटाला तिब्बती शरणार्थी बाजार समुदाय के प्रति उनके निरंतर समर्थन और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए प्रदान किया गया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद पंछी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। पंछी ने इसे अपने सामाजिक जीवन का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए कहा कि वे भविष्य में भी समाज के सभी वर्गों के कल्याण, एकता और उत्थान के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 11 और 12 अप्रैल 2026 को जीरकपुर में होगा आयोजित

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीयअधिवेशन 11 और 12 अप्रैल 2026 को जीरकपुर के वेडलॉक मैनर में आयोजित हो रहा है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राजा मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में यह अधिवेशन आयोजित हो रहा है। राजा मानवेन्द्र सिंह जी -राष्ट्रीय अध्यक्ष मथुरा से तीन बार सांसद रह चुके हैं। अधिवेशन में टिक्का शिवेंद्र पाल कुटलैहड़ -राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विजय सिंह सोनगरा- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गजेंद्र सिंह राणा -चंडीगढ़ अध्यक्ष, यशपाल राणा-हरियाणा अध्यक्ष, कामनेश धलारिया-चंडीगढ़ सचिव, अमन राम-चंडीगढ़ उपाध्यक्ष, उमेश सिंह राणा-पंजाब युवा अध्यक्ष, साहिल सिंह राठौड़-पंजाब युवा उपाध्यक्ष और कुँवर नीरज सिंह इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक है।

राजा मानवेन्द्र सिंह जी -राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 11 और 12 अप्रैल 2026 को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर से क्षत्रिय समाज के सदस्य शामिल होंगे। इनके अलावा कार्यक्रम में समाज के विशिष्ट अतिथि एवं प्रबुद्ध जन और कई राज परिवार का भी आना प्रस्तावित है। उन्होंने आगे बताया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की स्थापना 1897 में हुई थी, जो देश की अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा देश की सबसे पुरानी संस्था है और इसे 129 वर्ष पूर्ण हो चुके है। यह देश के 24 राज्यों में कार्यरत है। इस आयोजन में सभी 24 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिसमें युवा और महिला भी उपस्थित रहेंगे। 12 तारीख को सैकड़ो की संख्या में मेंबर्स आना अपेक्षित है।

## एचडीसीए की सुरभि का बीसीसीआई के एनसीए कैंप में चयन से होशियारपुर क्रिकेट छुएगी नई बुलंदियां- डा. रमन घई



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/10 अप्रैल। होशियारपुर एचडीसीए सेंटर की होनहार महिला क्रिकेटर व वुडलैंड स्कूल की छात्रा सुरभि के बीसीसीआई के द्वारा लगाए जाने वाले एनसीए राष्ट्रीय कैंप में चयन से समूह होशियारपुर जिले में सभी क्रिकेट खिलाड़ियों में भारी उत्साह है। डा. घई ने बताया कि सुरभि के इस राष्ट्रीय स्तरीय कैंप में चयन से होशियारपुर की क्रिकेट नई बुलंदियों को छुएगी। उन्होंने बताया कि बीसीसीआई द्वारा राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी बैंगलुरू में लगाए जाने वाले इस एक माह के कैंप में सुरभि के साथ अन्य चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय कोच क्रिकेट की बारीकियां सिखाएंगे। डा. घई ने कहा कि सुरभि के एनसीए कैंप में चयन से होशियारपुर के महिला क्रिकेट खिलाड़ियों व अन्य खिलाड़ियो को भी मेहनत के साथ आगे आने के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि अंडर-19 वर्ग में सुरभि के साथ पंजाब की हरसिमरनजीत कौर व पनमीत कौर बिंद्रा का भी इस एनसीए कैंप में चयन होना समूह पंजाब के लिए बड़ी बात है। एचडीसीए की ओर से सुरभि के इस चयन पर अध्यक्ष डा. दलजीत खेला व सचिव डा. रमन घई द्वारा एसोसिएशन व सुरभि की कोच दविंदर कौर कल्याण, सहायक कोच निकिता कुमारी, ट्रेनर कुलदीप धामी, जिला कोच दलजीत सिंह, सहायक कोच पंकज पिंका, दलजीत धीमान, प्रवीण कुमार, दिनेश शर्मा ने सुरभि को उसकी उपलब्धि व उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया।

## चंडीगढ़ भाजपा में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल, अभय कुमार झा को युवा मोर्चा की कमान



चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी की चंडीगढ़ इकाई ने संगठन को नई धार देने के उद्देश्य से प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया है। प्रदेश महामंत्री संजीव राणा ने नई टीम का ऐलान किया, जिसमें युवा नेतृत्व को प्रमुखता दी गई है। इस फेरबदल में अभय कुमार झा को भारतीय जनता युवा मोर्चा चंडीगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार संगठन में उनकी सक्रियता, जमीनी पकड़ और युवा वर्ग में प्रभाव को देखते हुए यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

भाजपा नेतृत्व का मानना है कि यह नियुक्ति पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करेगी और युवाओं को बड़े स्तर पर पार्टी से जोड़ने में मददगार साबित होगी। साथ ही नई कार्यकारिणी के जरिए आगामी कार्यक्रमों और राजनीतिक अभियानों को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की रणनीति तैयार की गई है। राजनीतिक हलकों में इस नियुक्ति को आगामी चुनावों के मद्देनजर भाजपा की युवा-केंद्रित रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि पार्टी जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने और नए वोट बैंक को साधने के लिए युवा चेहरों को आगे ला रही है।

पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि अभय कुमार झा अपने नए दायित्व को पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ निभाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# फॉर्चून पैनोरा 2026 बना रियल एस्टेट सेक्टर के लिए...

























इतनी ज्यादा फुटफॉल से साबित हो गया कि पनोरा फेस्ट रियल एस्टेट सेक्टर के लिए एक नई उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। हर सेक्टर के व्यक्ति द्वारा इसमें हिस्सा लिया गया। इस शो में शहर के नामी डेवलपर्स द्वारा भाग लिया गया है। इस दौरान अच्छा रिस्पांस मिलता देख डेवलपर्स के भी चेहरे खिल गए। पिछले कुछ समय के दौरान युद्ध और गोल्ड के उतार चढ़ाव के कारण रियल एस्टेट इंडस्ट्री की ग्रोथ रुकने की बातें चल रही थी। डेवलपर्स के भी चेहरों पर मायुसी और नेगेटिविटी थी। मगर इस फेस्ट के बाद वह भी दूर हो गई।

जिन लोगों द्वारा कहा जा रहा था कि रियल एस्टेट सेक्टर पर काफी बुरा प्रभाव पड़ रहा है, अब वे भी नई अपॉर्च्युनिटी की बातें करते नजर आए। इस दौरान डेवलपर्स की ओर से बुकिंग करने वाले विजिटर्स के लिए कई तरह के उपहार रखे गए हैं। जिसमें 100 से ज्यादा लोगों को हलवारा से दिल्ली की एयर टिकट दी जा रही है, जो कि शो में अकर्षण का केंद्र रही। इन टिकटों को हलवारा एयरपोर्ट की शुरूआत में अहम रोल अदा करने वाले मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा शनिवार को बांटा जाएगा।

इस फेस्ट में मुख्य रुप से नवनीत जैरथ, अविनाश गुप्ता, विनोद धवन, रजनीश गुप्ता, सुभाष जैनी, शाम कोठारी, महिंद्र गोयल, फॉरच्यून टीएमटी से दीप बांसल, बॉबी जिंदल, सुरिंदर धवन व अन्य मौजूद रहे। इस फेस्ट में मेजर ब्रांड्स में ट्राईडेंट हिल्स, यूजन गोवा, एआईपीएल, जे.एल.ओ, हैम्पटन होम्स, वेस्टर्न लिविंग, एमडीबी ग्रुप, ओम्बेरा, एजीआई ग्रुप, सीएम इनफिनिया, टीआरबी, ईस्टमैन, अयाली ग्रुप, सॉलिटियर होम्स सहित कई और नामी ग्रुप हिस्सा ले रहे हैं। यह फेस्ट शनिवार को भी होटल निरवाना में सुबह 10 बजे से रात के 8 बजे तक आयोजित होगा।

Uturn Time 11 Apr 2026_Layout 2 10-04-2026 23:53 Page 12



# चंडीगढ़ की नीलू सुयाल ने वी जी मिसेज इंडिया ग्लोबल आइकॉन में जीता 'चंडीगढ़ क्वीन' का खिताब

## बेबाकी और निडरता से ज्यूरी के सवालों का जवाब दे जीता 'मिस फीयरलेस फ्लेम' का भी खिताब



चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। चंडीगढ़ शहर की 42 वर्षीय युवा गृहिणी नीलू सुयाल ने अपने सपनों को नई पहचान देते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित नेशनल लेवल की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता वी जी मिसेज इंडिया ग्लोबल आइकॉन सीजन 7 में भाग लेकर ₹चंडीगढ़ क्वीन₹ का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही ज्यूरी के सवालों के बेबाकी और निडरता से जवाब देते हुए उन्होंने एक अन्य खिताब वी जी ग्लोबल आइकॉन ₹मिस फीयरलेस फ्लेम₹ का खिताब भी अपने नाम किया।इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे शहर का गौरव बढ़ा है।

नीलू सुयाल का कहना है कि दोनों खिताब चंडीगढ़ क्वीन₹ और ₹मिस फीयरलेस फ्लेम₹ का खिताब पाकर वो काफी खुश हैं। इस उपलब्धि के लिए वो अपने परिवार और नजदीकी सगे संबंधियों का आभार प्रकट करते है, जिन्होंने उन्हें प्रतियोगिता के लिए प्रोत्साहित किया और उनमें जोश भरा। उन्होनें आयोजकों और ज्यूरी का भी आभार जताया, जिन्होंने इन खिताब के काबिल माना। नीलू सुयाल ने आगे बताया कि प्रतियोगिता में देश के लगभग प्रत्येक हिस्से से प्रतिभागी भाग लेने आये थे। विभिन्न राउंड में चली प्रतियोगिता के सैंकड़ों प्रतिभागियों से टक्कर लेते हुए उन्होंने सभी चरण को अपनी काबलियत के दम पर पार करते हुए उन्होंने फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में उन्होंने ज्यूरी द्वारा पूछे गए सभी सवालों का बड़ी ही बेबाकी और निडर होकर जवाब दिया। जिसकी बदौलत वो यह खिताब जीतने में सफल हुई।

जब उन्हें इन खिताबो से नवाजा गया, तो वो पल एक बेहद ही भावुक पल था। उन पलों की खुशी को वो बयान नही कर सकती। नीलू सुयाल ने बताया कि मॉडलिंग और ब्यूटी पैजेंट का हिस्सा बनना उनका बचपन से शौक रहा है। उनको बचपन से ही संगीत और कला के प्रति विशेष लगाव रहा है। बस किन्ही मजबूरियों के चलते जवानी में वो इसे पूरा न कर सकी। लेकिन शादी के बाद पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ उन्होंने अपने इस शौक को कभी छोड़ा नहीं। परिवार के प्रोत्साहन ने उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी। धीरे-धीरे उन्होंने अपने हुनर को निखारते हुए मंच की ओर कदम बढ़ाए और यह सफर एक से प्रेरणादायक कहानी बन गया।

अपने फ्यूचर प्लान्स पर चर्चा करते हुए नीलू सुयाल ने बताया कि उनका उद्देश्य महिलाओं को उनके पैशन के प्रति प्रोत्साहित करना है। क्योंकि हरेक के अंदर कोई न कोई कला, हुनर और प्रतिभा छुपी होती है। जरूरत है तो बस उसे बाहर लाने की और अपने सपनो को पूरा करने की। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार और परंपराओं का सम्मान करते हुए भी अपने सपनों को साकार कर सकती हैं।

# इंडस्ट्रियल एरिया में मिला कंकाल बना गुमशुदगी का राज, दो महीने बाद युवती की पहचान; जांच पर उठे सवाल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में मिले एक कंकाल की गुत्थी आखिरकार सुलझ गई है। पुलिस जांच में पुष्टि हुई है कि यह कंकाल बापूधाम कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय युवती आरती का है, जो पिछले करीब दो महीने से लापता थी। मामले के सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर घास की सफाई के दौरान हार्टिकल्चर विभाग के कर्मचारियों को झाड़ियों के बीच मानव कंकाल दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फोरेंसिक साइंस टीम को जांच के लिए बुलाया गया। प्रारंभिक जांच में कंकाल 20 से 25 वर्ष की महिला का बताया गया था।

परिजनों के मुताबिक आरती 11 फरवरी की सुबह यह कहकर घर से निकली थी कि वह थोड़ी देर में लौट आएगी, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं आई। 17 फरवरी को चंडीगढ़ पुलिस के सेक्टर-26 थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिवार ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने शुरूआत में मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उनका कहना है कि बार-बार पुलिस को जानकारी देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की



गई। परिजनों का दावा है कि उन्होंने आरती को एक पिकअप वाहन में जाते हुए देखे जाने की सूचना भी दी थी, लेकिन न तो सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और न ही अन्य थानों को सतर्क किया गया।

मामले में नया मोड़ तब आया, जब सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कंकाल मिलने की खबर देखकर परिजनों को शक हुआ। इसके बाद वे खुद इंडस्ट्रियल एरिया थाने पहुंचे। पुलिस ने उन्हें गवर्नमेंट मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल सेक्टर 16 की मोर्चरी में ले जाकर पहचान करवाई, जहां हाथ की



अंगूठी और कपड़ों के आधार पर आरती की शिनाख्त हुई।

फिलहाल पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने के लिए फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वहीं, परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। यह मामला न केवल एक गुमशुदगी की दर्दनाक परिणति है, बल्कि शुरूआती जांच में लापरवाही के आरोपों के चलते पुलिस व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

# मनीमाजरा में स्कूल एडमिशन संकट: प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा निदेशक से की मुलाकात, RTE के तहत दाखिले की उठाई मांग



चंडीगढ़/यूटर्न/10 अप्रैल। मनीमाजरा क्षेत्र में सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले को लेकर बढ़ती समस्याओं के बीच एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ के शिक्षा निदेशक नितीश सिंगला से मुलाकात कर जमीनी हालात से अवगत कराया। अभिभावकों का कहना है कि ह्यशिक्षा का अधिकारह्ण होने के बावजूद बच्चों को नजदीकी स्कूलों में दाखिले के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशनों के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले कई समय से मनीमाजरा के विभिन्न इलाकों से अभिभावक लगातार शिकायतें कर रहे हैं। इसी को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें विशेष रूप से पीपली वाला टाउन और मॉडर्न कॉम्प्लेक्स (सब्जी मंडी के पास) के बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत नजदीकी स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित करने की मांग की गई। मुलाकात के दौरान पिपली वाला टाउन रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रमेश कुमार गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय ने गवर्नमेंट मॉडल मिडल स्कूल मनीमाजरा हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में व्याप्त अव्यवस्थाओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिक्षा निदेशक नितीश सिंगला ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे व्यक्तिगत रूप से मामले की जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में बच्चों के दाखिले में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक बाधा नहीं आने दी जाएगी और लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि प्रशासन के सकारात्मक रुख से क्षेत्र के बच्चों को उनके अधिकार के अनुसार नजदीकी स्कूलों में शिक्षा मिल सकेगी। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

# हर्षदीप सुसाइड केस में जीजा-साले पर मामला दर्ज, ब्लैकमेल करने के आरोप

लुधियाना/यूटर्न/10 अप्रैल। लुधियाना के युवक हर्षदीप द्वारा गुरुवार को घर में फंदा लगाकर आत्महत्या करने के मामले में



पुलिस ने कार्रवाई कर दी है। हर्षदीप के पास से दो पेज का सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें उसने उन लोगों के नामों का जिक्र किया है, जिनके साथ उसका पैसों का हिसाब-किताब था। थाना जमालपुर की पुलिस ने तरनतारण के रहने वाले सुरिंदर पाल और उसका साला विक्रमजीत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी भी कर रही है। हर्षदीप ने सुसाइड नोट में एक सुरिंदरपाल ढिल्लों नाम के व्यक्ति को मौत का जिम्मेदार बताया। उसने लिखा- इसने मेरे पर झूठा पर्चा साइबर क्राइम लुधियाना में दिया और अपने साले जो कि साइबर क्राइम में लगा है। उसके साथ मिलकर मुझे ब्लैकमेल किया, जिस कारण में मेंटली परेशान होकर यह कदम उठा रहा हूं। इसके अलावा कोई जिम्मेदार नहीं। मेरे पास मौत ही एक मात्र रास्ता था। सॉरी पापा। मैंने अगर आपका दिल दुखाया हो।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372